FORM No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

2026/55

नाम अदालत अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) अलवर मुकाम अलवर

उनवान मूर्ति मंदिर श्री सीतारामजी महाराज बनाम राधेश्याम

किस्म मुकदमा प्रा0पत्र 17/2/2026 दायर दिनांकः– 14.01.2026

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.01.2026	यह प्रार्थना पत्र अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा उपस्थित न्यायालय होकर प्रस्तुत किया। प्रार्थना–पत्र का अवलोकन किया गया। प्रथम दृष्टया अवलोकन से जाहिर है कि प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मूर्ति मंदिर श्री सीतारामजी महाराज वाके ग्राम डहरा तहसील थानागाजी (अलवर) के नाम हाल आराजी खसरा नंबर 635 से लगातार 650 एवं 652 से लगातार 663 तथा 666 से लगातार 668 तक कुल किता 31 कुल रकबा 7.4500 हैक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित है। प्रथम दृष्टया अतिक्रमण से संबंधित कार्यवाही का क्षेत्राधिकार न्यायिक ना होकर प्रशासनिक है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट जाहिर है कि उक्त आराजी खसरा नंबर 635 से लगातार 650 एवं 652 से लगातार 663 तथा 666 से लगातार 668 तक कुल किता 31 कुल रकबा 7.4500 हैक्टेयर भूमि मूर्ति मंदिर श्री सीतारामजी महाराज वाके ग्राम डहरा तहसील थानागाजी (अलवर) के नाम से दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है, जिस पर अनाधिकृत रूप से कब्जा है। अनाधिकृत कब्जे के संबंध में कार्यवाही करने हेतु तहसीलदार अधिकृत है। अतः उक्त के संबंध में तहसीलदार थानागाजी को इस आदेशिका मय प्रार्थना–पत्र की प्रमाणित प्रति प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त आराजी को अनाधिकृत अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्यवाही करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)–अलवर (राज0)	